जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार)

मुख्यालयः बद्रीनाथ मार्ग निकट तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल फोनः 01382–229689

REG.No. 23 DATE 06.04.1953 (EST.-1924) LICENSE No.-RPCD.12/2012 DATE 16.02.2012

निविदा सूचना

जिला सहकारी बैंक लि0, गढ़वाल कोटद्वार की नवीन शाखा स्थान बिलकेदार विकासखण्ड़ कोट, जिला– पौड़ी गढ़वाल में खोलने हेतु भवन/परिसर का अन्तिम चयन किया गया है। बैंक शाखा हेतु बिलकेदार में चयनित भवन का आन्तरिक कार्य (Interior work), बाहरी कार्य (Exterior work) एवं बैंक प्रयोगार्थ नवीन फर्नीचर कार्य हेतु निम्नवत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दि0 09.08.2021 से दि0 17.08.2021 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक जिला सहकारी बैंक लि0, गढ़वाल (कोटद्वार), प्रधान कार्यालय– बद्रीनाथ मार्ग, निकट तहसील, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल में उपलब्ध निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी। प्राप्त निविदायें दि0 18.08.2021 को प्रातः 11.00 बजे निविदा कमेटी/क्रय समिति के समक्ष जिला सहकारी बैंक लि0, गढ़वाल (कोटद्वार), मुख्यालय कोटद्वार में सचिव/महाप्रबन्धक के कक्ष में खोली जायेंगी। निविदादाता स्वयं अथवा अपने एक प्रतिनिधि के माध्यम से निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।

क्र. स.	कार्य का विवरण	कार्यदायी संस्था	कार्य स्थल	योजना/ कार्य स्थल का नाम	अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित)	धरोहर राशि (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता
1	बैंक शाखा हेतु भवन का नवीनीकरण	जिला सहकारी बैक लि0, गढ़वाल कोटद्वार	बिलकेदार, वि0ख0– कोट, पौडी गढ़वाल	जिला सहकारी बैक लि0, शाखा बिलकेदार	722500.00 (सात लाख बाईस हजार पांच सौ रुपये)	21675.00	15 दिन	9 दिन

नोटः–

- निविदा से सम्बन्धित शर्तें बैंक की वेबसाईट **www.zsbkotdwar.org** पर उपलब्ध है।
- कार्य स्थल आगणन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दि0 09.08.2021 से दि0 17.08.2021 तक जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) मुख्यालय–निकट तहसील, बद्रीनाथ मार्ग, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती है।

सदस्य सचिव/महाप्रबन्धक
जिला सहकारी बैंक लि0, गढ़वाल (कोटद्वार)

शर्तेः

1. निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर राशि जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) की किसी भी शाखा की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में सचिव/महाप्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) के नाम बन्धक हो।
2. निविदा में रुपये 100.00 के स्टाम्प पेपर के साथ रुपया 1.00 का रेवेन्यू टिकट सील बन्द लिफाफे निविदा, निविदा बॉक्स में डाले जायेंगे।
3. निविदा प्रपत्र रुपये 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का भुगतान कर सचिव/महाप्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) के कार्यालय से दिनांक 09.08.2021 से दिनांक 17.08.2021 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. निविदायें निविदा बॉक्स में दिनांक दिनांक 09.08.2021 से 17.08.2021 को अपराह्न 4:00 बजे तक जिला सहकारी बैंक लि0, गढ़वाल (कोटद्वार), प्रधान कार्यालय– बद्रीनाथ मार्ग, निकट तहसील, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल में उपलब्ध निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
5. बिका हुआ निविदा प्रपत्र वापस नही होगा।
6. कार्य स्थल आगणन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिला सहकारी बैंक लि0 गढ़वाल (कोटद्वार) मुख्यालय कोटद्वार से दिनांक 09.08.2021 से दिनांक 17.08.2021 तक कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।
7. कार्य की माप एवं गुणवत्ता आगणन में दिये गये मानकों के अनुसार होगी।
8. निविदा की विस्तृत नियम व शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है।
9. किसी भी विवाद के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
10. किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति के पास होगा।
11. निविदा दाता को आयकर पेन नम्बर/जी.एस.टी. नम्बर, आधार कार्ड की प्रमाणित छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदाकर्ता का रजिस्ट्रेशन नम्बर होना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के निविदा खोली जा सकती है, परन्तु न्यूनतम होने पर भी उसे स्वीकार/अस्वीकार करने का निर्णय निविदा कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. निविदा देने के लिए वही फर्म पात्र होंगे जिसके पास उपरोक्त सम्बन्धी कार्य अनुभव प्रमाण पत्र होगा। निविदाकर्ता के पास इस हेतु का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। बिना उक्त अनुभव प्रमाण पत्र के निविदा खोली जा सकती है, परन्तु न्यूनतम होने पर भी उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा।
13. उपरोक्त वर्णित सभी कार्य स्थानीय श्रमिकों से कराये जायेंगे जिनके रिकार्ड फर्म के पास सुरक्षित रहेंगे, आवश्यकता पड़ने पर बैंक को सूचना देनी होगी।
14. बिना कारण बताये किसी समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित होगा।
15. जिस व्यक्ति/फर्म की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे 15 दिन के अन्दर यह कार्य पूर्ण करना होगा।
16. निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की दशा में बैंक कार्यालय के अगले कार्य दिवस पर पूर्व निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी।
17. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

सदस्य/सचिव/महाप्रबन्धक
जिला सहकारी बैंक लि0, गढवाल (कोटद्वार)